

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 15 अंक :191 28 मई, 2021 मूल्य : 30/-प्रति



**खंड -खंड भारत को अखंड बनाने वाले भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य की 2365 वीं जन्म जयन्ती पर सभी भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनायें.**

जो जीता वो सिकन्दर नहीं बल्कि जो जीता वो चन्द्रगुप्त कहिये।
सिकन्दर के विश्व विजय अभियान को यहीं चुनौती मिली थी। सम्राट चन्द्रगुप्त ने सिकंदर के सेनापति सेल्यूकस को पराजित करके उसकी बेटी से विवाह किया और शक्तिशाली मौर्यवंश की स्थापना की थी

निश्चित रूप से यह ऐतिहासिक पल है जब राज्य का मुख्यमंत्री समाजोपयोगी कार्यक्रम के वर्चुअल समारोह में लगातार 2 घंटे तक जुड़े रहे...
राजस्थान के जोधपुर में देश का सबसे बड़ा और पहला जोधपुर श्वास बैंक का भव्य उद्घाटन समारोह

# जनता के लिए संजीवनी साबित होगी जोधपुर की यह श्वास बैंक – श्री अशोक गहलोत




राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी ने निर्मल गहलोत जी और जोधपुरवासियों का इस नेक काम के लिए धन्यवाद देते हुए उनका हार्दिक आभार जताया ..!!

जोधपुर। देश के पहले श्वास बैंक के उद्घाटन का भव्य समारोह वर्चुअल रूप से सम्पन्न हुआ है। आप कमाल देखिये राज्य के मुख्यमंत्री आदरणीय श्री अशोक गहलोत , जोधपुर के पूर्व नरेश आदरणीय श्री गज सिंह, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पूर्व जस्टिस श्री जी. के. व्यास, हाइकोर्ट के वर्तमान जस्टिस श्री विनीत कोठारी एवं श्री संदीप मेहता, जोधपुर के कलक्टर डॉ श्री इंद्रजीत सिंह सहित जोधपुर शहर के तमाम महत्वपूर्ण उद्योगपति, ब्यूरोक्रेट्स, पत्रकार, समाजसेवी आदि लगातार 2 घंटे तक इस वर्चुअल समारोह से जुड़े रहे।

किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री किसी समाजोपयोगी कार्यक्रम के वर्चुअल समारोह में यदि लगातार 2 घंटे तक जुड़ा रहता है , तो निश्चित रूप से यह ऐतिहासिक है । यह विशुद्व रूप से निर्मल गहलोत के चुम्बकीय व्यक्तित्व, उनकी संपर्क कला, उनके लोगों को जोड़ने के हुनर और उनके अद्वितीय मैनेजमेंट का सजीव उदाहरण है।

अब आप जानिए कि यह बैंक है क्या ? जिसके उदघाटन समारोह में ऐसे लब्ध प्रतिष्ठित लोगों का जमावड़ा वर्चुअल रूप में हुआ। तो आपने देश में आपने कई तरह के बैंक देखे या सुने होंगे, लेकिन जोधपुर शहर में पहला ब्रेथ बैंक या श्वास बैंक बन के तैयार होकर आज शुरू भी हो गया है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप से ऑक्सीजन की भारी किल्लत को देखते हुए जोधपुर शहर के युवा दानवीर व समाजसेवी श्री निर्मल गहलोत ने 20 अप्रैल 2021 के आसपास 500 ऑक्सीजन जनरेटर का ब्रीथ बैंक बनाने का निर्णय किया। उनके इस प्रयास को फिर साथ मिला जोधपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति व भामाशाह विष्णु गोयल, श्रीपाल लोढ़ा, सुरेश गांधी, हरीश अग्रवाल, बलवीर जैन, नरपत सिंह सांखला आदि का। देखते ही देखते महज 15 दिन बाद आज इस ब्रीथ बैंक का भव्य उद्घाटन समारोह भी हो गया । इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अब जोधपुर ब्रीथ बैंक की टीम ने 50 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा क्षमता वाले जर्मन तकनीक के विशाल ऑक्सीजन प्लांट का ऑर्डर कर दिया है, जो 22 मई को जोधपुर में स्थापित हो गया। इस ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता 170 ऑक्सीजन सिलेंडर प्रतिदिन होगी। यह ऑक्सीजन प्लांट 800 लीटर प्रति मिनट की दर से ऑक्सीजन उत्सर्जित करेगा। इस प्लांट के बाद जोधपुर वासियों को काफी राहत मिलेगी। इससे महात्मा गांधी सरकारी अस्पताल में 200 नए ऑक्सीजन बैड स्थापित हो पाएंगे । आज के इस कार्यक्रम में निर्मल गहलोत की प्रेरणा से जोधपुर शहर के जाए जन्मे और प्रवासी उद्योगपति मनीष मूंदड़ा द्वारा 500 ऑक्सीजन जनरेटर मशीन जो कि 10 लीटर की क्षमता वाली है जो हॉस्पिटल में उपयोग वाली होगी उसके भी जोधपुर में स्थापित करने की शुभ सूचना दी गई। स्वयं मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने यह घोषणा की।

यह 500 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन रूस के मास्को शहर से आ रही है और यह गंभीर मरीजों के अस्पताल में उपयोग में काम आएगी । इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्मल जी गहलोत को आव्हान किया कि वह जोधपुर में प्लाज्मा बैंक की स्थापना भी करें ताकि गंभीर मरीजों को राहत प्रदान की जा सके । निश्चित रूप से निर्मल जी गहलोत जी द्वारा आज जो कार्य किया जा रहा है वह एक मिसाल बन कर सदियों तक याद किया जाता रहेगा।

## संपादक की कलम से...

# कैसे संवारे बच्चों का भविष्य ?



**मनीष गहलोत**
संपादक

शिक्षा मनुष्य का आभूषण है, जो समाज जितना शिक्षित होगा, वह उतना ही विकसित होगा। अत: समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार अति आवश्यक है। अपना समाज शिक्षा के क्षेत्र में अल्प विकसित है। समाज में सरकारी उच्च पदों (आई.ए.एस., आर.ए.एस. तथा अन्य भारतीय एवं राज्य प्रशासनिक) सेवाओं में हमारी उपस्थिति नगण्य है।

उच्च पदों पर आसीन एवं शिक्षित , प्रबुद्ध समाज बंधुओं से समाज कुछ उपेक्षाएं भी रखता है। आजकल युवा वर्ग शिक्षित हो रहा है, अर्थात एम. ए., बी. एए. अथवा अन्य डीग्री प्राप्त कर रहे है फिर भी वे दर-दर भटक रहे है, उन्हें उचित नौकरी अथव सेवा नहीं मिल रही है। इसके लिए हम सभी को चिंतन करना चाहिए। युवा वर्ग जो अध्ययन कर रहा है उन्हें सही दिश-निर्देश (गाइडेंस), केरियर गाइडेंस प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे वे शिक्षित बेरोजगार हो रहे हैं।

कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने पर उन्हें प्राप्तांक एवं अभिरूचि के अनुरूप वैकल्पिक विषय चुनने में मदद एवं मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि छात्र को आगे पढ़ने में मददन प्राप्त हो एवं कक्षा बारवीं के पश्चात प्राप्तांको के अनुसार उनकी अभिरूची को ध्यान में रखते हुए उसे तकनीकी शिक्षा अथवा अन्य शिक्षा के साथ ही किस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जा एकी वे आत्मनिर्भर बन सके।

जो छात्र उच्चअध्ययन हे योग्य हो उन्हें अवश्य उच्च शिक्षा दिलवायें, उच्च शिक्षा के लिए कोर्स का चयन करते समय छात्र की अभिरूची एवं पूर्व कक्षा में प्राप्तांकों का अवश्य ध्यान में रखा जाये, उसी क अनुसार उन्हें उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित करें।

विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स के बारे में जानकारी प्रदान की जाए। जैसे इंजिनियरिंग, पी.एम.टी., बी. टेक, एम.टेक, कम्प्यूटर एप्लीकेशन तथा अन्य विज्ञान से सम्बन्धित शाखाएं। मैनेजमेंट में बी. बी. ए., एम. बी. ए., बैंकिग सेवाएं (आई बी.पी.एस.), चार्टड एकाउण्ट्स (सी. ए.), कम्पनी सेक्रेट्री(सी. एस.) आदि कार्स के बारे में जानकारी प्रदान की जाये तथा कोर्स के चुनाव में मददन करें। उच्च शिक्षा के बाद विद्यार्थियों की सोच विकसित हो जाती है। विभिन्न क्षेत्रों की सेवाओं के लिए स्वयं तैयारी करने में लग जाता है, प्रतियोगी परीक्षाएं देता है, और उत्तीण करने का प्रयास करता है। ऐसे समय में समाज के जो बंधु उच्च पदों पर आसीन है अथवा जिन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अनुभव है, अथवा उच्च पदों से सेवानिवृत हो चुके हैं तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करवाते है उनका मार्गदर्शनन एवं मदद छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी होगी।

अत: ऐसे प्रबुद्ध समाज बंधुओं से विनम्र निवेदन है कि होनहार युवाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करें, जिससे समाज में शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को शिक्षित बेराजगार होने से रोकेगा। इस कार्य हेतु सभी बंधुओं का सहयोग अपेक्षित है। जिससे समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा ताकि समाज का शैक्षिकएवं आर्थिक विकास होगा। हमारी पत्रिका के माध्यम से आप अपने मागदर्शन से भी लाभान्वित कर सकतें है।

समाज की अनेकों शैक्षणिक संस्थाएं अपनी उत्कृष्ट परिणाम से स्टूडेंट्स को शिक्षा प्रदान कर रही है। यहीं नहीं समाज के शिक्षाविद् भामाशाह निर्मल गहलोत/उत्कर्ष क्लासेज के माध्यम से प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करवाता है और समय समय समाज के सभी वर्गो को आर्थिक सहयोग के साथ ही फ्री कोचिंग भी देते है। इसके अलावा अनकेडमी विश्व की छठवीं बड़ी प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी कराने वाली संस्था है जिसके डॉयरेक्टर देश के सबसे युवा आईएएस रोमन सैनी है। अगर समाज की सभी संस्थाऐं एक निश्चित कार्यक्रम बना समाज के सभी स्टूडेंट्स के लिए 10वीं एवं 12वीं के बाद की होने वाले असंमजस की स्थिति से बचाने के लिए वृहद् स्तर पर कैरियर कॉउसलिंग का आयोजन कर सभी स्टूडेंट्स को देश विदेश में प्रचलित कोर्सेज एवं उच्च शिक्षण संस्थाओं की जानकारी प्रदान करें तो स्टूडेंट्स के साथ ही परिजनों की भी बहुत बड़ी मदद हो सकती है और इसमें समाज की शैक्षणिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जा सकता है।

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# प्रदेश के का सबसे बड़ा ऑक्सीजन प्लांट

## सैल्युट टीम जोधपुर ब्रेथ बैंक – सोनू सूद







जोधपुर, 23 मई। जनसहभागिता के माध्यम से इतने बड़े सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना सराहनीय है । इस हेतु जोधपुर ब्रेथ बैंक से जुड़े सभी लोग बधाई के पात्र है। मैं उन्हें सैल्युट करता हूँ प्रसिद्व फिल्म अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद ने यह विचार वर्चुअल समारोह में व्यक्त किये। मौका था जोधपुर ब्रेथ बैंक द्वारा महात्मा गांधी अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट के वर्चुअल उदघाटन समारोह का ।

इस बारे में जानकारी देते हुए जोधपुर ब्रेथ बैंक के संचालक मंडल के सदस्य निर्मल गहलोत ने बताया कि ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीनों के माध्यम से मरीजों की सेवा कर रहे जोधपुर ब्रेथ बैंक ने महज 20 दिनों के रिकॉर्ड समय में जोधपुर के महात्मा गांधी सरकारी अस्पताल में 50 क्यूबिक मीटर/घंटा, 800 एलपीएम, क्षमता के ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट की स्थापना की है। इस प्लांट का आज रविवार, 23 मई 2021 को वर्चुअल उद्घाटन समारोह रखा गया। गहलोत ने बताया कि जोधपुर में स्थापित हुआ यह ऑक्सीजन प्लांट किसी सामाजिक संस्था द्वारा जनसहभागिता से स्थापित होने वाला राजस्थान का सबसे बड़ा प्लांट है। इस प्लांट का रखरखाव का पूरा जिम्मा भी जोधपुर ब्रेथ बैंक उठायेगा।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए भारत सरकार में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर के सानसड गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना एक ऐतिहासिक अवसर है। जोधपुर शहर सेवा, संस्कार, सद्भावना और प्रेम की धरती है। अभी का समय इतना मुश्किलों भरा रहा और यह गर्व की बात है कि सरकार से पहले समाज मदद के लिए पंहुचा है । शेखवात ने कहा कि जोधपुर में सेवा की परंपरा सुदृढ है । भारत में सीमित संसाधन होते हुए भी लोगों ने मिलकर इस मुश्किल घड़ी का सामना किया है और इसी के माध्यम से हम आगे इस पर विजय प्राप्त करेंगे ।

समारोह के अध्यक्षता कर रहे राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पूर्व जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास ने दान दाताओं और सभी भामाशाहों को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रशासनिक मदद भी काबिले तारीफ है कि इतने कम समय में यह संकल्पना साकार हो गई।

समारोह में उपस्थित जोधपुर नगर निगम उत्तर की महापौर श्रीमती कुंती परिहार ने कहा कि 20 दिनों में ऑक्सीजन प्लांट की संकल्पना और स्थापना इस संकट के समय में समाज के लिए वरदान है। उन्होंने ब्रेथ बैंक के निर्मल गहलोत को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने जोधपुर के भामाशाओं से आगे होकर बातचीत कर के जो यह कार्य किया है यह तारीफ के काबिल है और एक दूसरे के सहयोगी बन जिस तरह समाज की सेवा कर रहे है उससे यह संकट जल्द ही दूर हो जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित रामद्वारा के संत रामप्रसाद जी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अच्छी सोच और नेक कार्य करने वाले भामाशाहों ने एक दूसरे से प्रेरणा ली और प्रेरणा दी है। नेक कार्यो में पैसे सदुपयोग करना आमदनी का शुद्धिकरण होता है। यह भावना सभी मे होनी चाहिए। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना पर खुशी जताते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि जोधपुर ब्रीथ बैंक भविष्य में भी इसी प्रकार समाजोपयोगी कार्य जारी रखेगी। समारोह में उपस्थित जोधपुर नगर निगम दक्षिण की महापौर विनीता सेठ ने कहा कि निर्मल गहलोत व् जोधपुर ब्रेथ बैंक टीम से जुड़े समस्त भामाशाहों को जोधपुर को जो ये सौगात दी है उसे शहर की जनता हमेशा याद रखेगी।

इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित सोनू सूद ने कहा कि आज वो यहाँ से बहुत कुछ सीख कर जा रहे है। मुंबई ने उन्हें फिल्मी हीरों बनाया और कोरोना के समय उन्हें रियल लाइफ हीरो बनाया है। प्रोफेशन से दूर जब लोगों को घर पहुचायां, नौकरी लगवाई, दवाइयाँ उन लोगों तक पहुंचाई जिन्हें वो जानते भी नहीं है, तो दुआओं का काफिला अपने साथ पाया और उस जिंदगी ने बहुत सुकून दिया। ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअल अवलोकन किया सोनू सूद ने और बताया की सेवा की प्रेरणा उन्हें अपने माता मिली। उनके पापा की कपड़ों की दूकान थी और वो छुट्टी के दिन उनके साथ गरीब लोगो के लिए लंगर लगते थे। सोनू ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्हें जोधपुर का खाना बहुत पसंद है यहाँ आने का मिलेगा तो जरूर वो जोधपुर ब्रेथ बैंक की टीम से मुलाकात करेंगे।

### इनके कर कमलों से हुआ उदघाटन

कोविड के मृतकों का सर्वाधिक अंतिम संस्कार कर इस कठिन समय में साहस की मिसाल पेश करने वाले दो व्यक्तित्वों, मुकेश गोदावत और नवीन पुरोहित, ने इस

जोधपुर, 23 मई। जनसहभागिता के माध्यम से इतने बड़े सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना सराहनीय है । इस हेतु जोधपुर ब्रेथ बैंक से जुड़े सभी लोग बधाई के पात्र है। मैं उन्हें सैल्युट करता हूँ प्रसिद्व फिल्म अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद ने यह विचार वर्चुअल समारोह में व्यक्त किये। मौका था जोधपुर ब्रेथ बैंक द्वारा महात्मा गांधी अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट के वर्चुअल उदघाटन समारोह का ।

इस बारे में जानकारी देते हुए जोधपुर ब्रेथ बैंक के संचालक मंडल के सदस्य निर्मल गहलोत ने बताया कि ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर मशीनों के माध्यम से मरीजों की सेवा कर रहे जोधपुर ब्रेथ बैंक ने महज 20 दिनों के रिकॉर्ड समय में जोधपुर के महात्मा गांधी सरकारी अस्पताल में 50 क्यूबिक मीटर/घंटा, 800 एलपीएम, क्षमता के ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट की स्थापना की है। इस प्लांट का आज रविवार, 23 मई 2021 को वर्चुअल उद्घाटन समारोह रखा गया। गहलोत ने बताया कि जोधपुर में स्थापित हुआ यह ऑक्सीजन प्लांट किसी सामाजिक संस्था द्वारा जनसहभागिता से स्थापित होने वाला राजस्थान का सबसे बड़ा प्लांट है। इस प्लांट का रखरखाव का पूरा जिम्मा भी जोधपुर ब्रेथ बैंक उठायेगा।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए भारत सरकार में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर के सानसड गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना एक ऐतिहासिक अवसर है। जोधपुर शहर सेवा, संस्कार, सद्भावना और प्रेम की धरती है। अभी का समय इतना मुश्किलों भरा रहा और यह गर्व की बात है कि सरकार से पहले समाज मदद के लिए पंहुचा है । शेखवात ने कहा कि जोधपुर में सेवा की परंपरा सुदृढ है । भारत में सीमित संसाधन होते हुए भी लोगों ने मिलकर इस मुश्किल घड़ी का सामना किया है और इसी के माध्यम से हम आगे इस पर विजय प्राप्त करेंगे ।

# न्यायमूर्ति राम सूरत मौर्य बनें राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य



माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति राम सूरत राम मौर्य जी को राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य बनाये जाने पर देश के सबसे लोकप्रिय प्रगतिशील देशव्यापी माली सैनी समाज संगठन माली सैनी रक्षा दल की तरफ से बहुत बहुत शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश श्री राम सूरत राम मौर्य जी ने आभार व्यक्त करते हुए माली सैनी रक्षा दल के साथ-साथ माली सैनी समाज के लोगों को हर संभव हर क्षेत्र में मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही माली सैनी समाज के लोग बिधिक पढाई कर रहे लोगों को न्यायिक छेत्र में किस तरीके से आगे बढ़े का महत्वपूर्ण सुझाव मार्गदर्शन व मदद का आश्वासन दिया । पत्रिका परिवार की और से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# राज्यसभा सांसद राजीव सातव का हुआ निधन



पूणे। महाराष्ट्र माली समाज से दिग्गज नेता एवं कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद राजीव सातव का कोरोना संक्रमण की वजह से निधन हो गया है। वह 46 वर्ष के थे। 22 अप्रैल की उनकी कोरोना जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। उनका पुणे के जहांगीर अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्हें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का करीबी माना जाता था। वह गिनती कांग्रेस के बड़े नेताओं में होती थी। राजीव सातव महाराष्ट्र से आते थे। वो विधायक से लेकर लोकसभा और राज्यसभा के सांसद तक रह चुके थे।

उनका जन्म 21 सितंबर 1974 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। वो महाराष्ट्र में कांग्रेस का बड़ा चेहरा थे. । राजीव 2008 से 2010 तक महाराष्ट्र युवा कांग्रेस और 2010 से 2014 तक राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके थे। राजीव पहली बार 2009 से 2014 तक महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य रहे। 2014 में हिंगोली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीते, उसके बाद अप्रैल 2020 में उन्हें राज्यसभा सांसद चुना गया था। राजीव सातव जी की देश के बेहतरीन सांसदो में गिनती होती थी और सांसद रत्न अवार्ड के 4 बारी विजेता भी रह चुके है। सरल एवं मिलनसार स्वभाव के धनी राजीव सातव हर माह जब भी बातचीत होती थी तो समाज के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए सामाजिक संगठनों एवं राजनीति में समाज के वर्चस्व को बढ़ाने के लिए कर्त संकल्पित होने की बात कहते थे। माली सैनी समाज में राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी में अशोक गहलोत के बाद सबसे बड़े नेताओं में आपका नाम आता था। आपने पार्टी को अनेकों बार संकटों से उबारने में भी सफलता प्राप्त की थी। हम सभी इस दु:खद क्षण में अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते है। परम पिता परमेश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे एवं परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## विशेष सूचना

**कोरोना महामारी के कारण अप्रेल, 2021 अंक का प्रकाशन नहीं हो पाया था। पत्रिका परिवार आप सभी कोराना महामारी में आप सभी स्वस्थमय होने की ईश्वर से कामना करता है।**

**साथ ही निवेदन है कि इस महामारी में समाज की संस्थाओं एवं आमजन द्वारा अनेकों सेवा के कार्य किए गए थे कृपया उनकी विस्तृत जानकारी हमें वाट्सएप नंबर 94144 75464 पर भिजवानें का श्रम करावें।**

**प्रधान संपादक**

# कृतज्ञ राष्ट्र ने महात्मा ज्योति बा फूले की 194 वीं जयंति पर किए विभिन्न आयोजन

## राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने महात्मा ज्योति बा फूले की आदमकद मूर्ति का अनवारण



*जयपुर। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने महात्मा ज्योति बा फूले की जंयति पर उनकी आदमकद प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण किया । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि महात्मा ज्योति बा फूले द्वारा गरीबों एवं पिछड़ों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिए जीवनभर किए गए संघर्ष को याद करते हुए बताया कि महात्मा फूले ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का मूलमंत्र दिया, जिससे कमजोर, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी सहभागिता निभा सकें।*

*महात्मा फूले ने छुआछूत, जातिप्रथा एवं पर्दाप्रथा जैसी कुरीतियों के विरूद्ध संगठित एवं शिक्षित समाज के स्थापना की अभिनव पहल की थी। हम समाज से कुरीतियों को दूर करने एवं अशिक्षा के अंधियारे को मिटाते हुए एक विकसित एवं समृद्धशाली राष्ट्र का निर्माण करने में सहभागिता निभायें। हम सबका दायित्व है कि महापुरूषों के जीवन संदेश का अधिक से अधिक प्रसार करें और समाज में ऐसा माहौल बनाए कि कोई भी बच्चा अच्छी शिक्षा से वंचित न रहे।*

जयपुर। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर जयपुर में फुले स्मारक के उद्घाटन सहित जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की 6 परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को श्री अशोक गहलोत ने संबोधित किया। कार्यक्रम का जयपुर में विभिन्न स्थानों तथा फेसबुक, यूट्यूब आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण किया गया।

बाइस गोदाम सर्किल पर महात्मा ज्योतिबा फुले के स्मारक का वर्चुअल उद्घाटन एवं आदमकद मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम में जयपुर-सीकर रेलवे लाइन पर जाहोता में रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), जयपुर-सवाईमाधोपुर पर सीतापुरा आरओबी और टोंक रोड पर बम्बाला पुलिया के चौड़ाईकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। साथ ही, जयपुर-दिल्ली रेलवे लाइन पर सिविल लाइन्स आरओबी और रामनिवास बाग में भूमिगत पार्किंग के दूसरे फेज के निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। इन सभी विकास कार्यों की लागत 309 करोड़ रूपये है।

महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन वंचित वर्ग के उत्थान को समर्पित रहा। समाज के दबे-कुचले वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष के प्रति समर्पण के कारण उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई। इस युगपुरूष ने नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला और पुरूष में भेद, जाति-प्रथा, धार्मिक आडम्बर सहित अन्य कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण किया।

जेडीए ने महात्मा फुले के स्मारक का निर्माण कर जयपुरवासियों को एक बड़ी सौगात दी है। इससे हम सभी, विशेषकर युवा, महात्मा फुले के संघर्षमय जीवन के बारे जानकर छुआछूत, महिला-पुरूष असमानता और घूंघट प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा ले सकते हैं। हमारा समाज आज भी ऐसी अनेक कुरीतियों से जूझ रहा है। लगभग दो शताब्दी पहले एक युवक समाज की कुप्रथाओं के खिलाफ खड़ा होने की हिम्मत कर सकता है, तो आज के पढ़े-लिखे और सशक्त युवा भी प्रदेश-देश और समाज के विकास में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। युवाओं को विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के माध्यम से एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए काम करने चाहिए।

**झुंझुनूं।** महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की 194 वीं जयंती मनाई गई। राजस्थान विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित जयंती कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सैनी समाज संस्था, झुंझुनूं की महिला जिलाध्यक्ष मनीता तंवर थी। अध्यक्षता विद्यालय निदेशक व विचार



जयपुर। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर जयपुर में फुले स्मारक के उद्घाटन सहित जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की 6 परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को श्री अशोक गहलोत ने संबोधित किया। कार्यक्रम का जयपुर में विभिन्न स्थानों तथा फेसबुक, यूट्यूब आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण किया गया।

बाइस गोदाम सर्किल पर महात्मा ज्योतिबा फुले के स्मारक का वर्चुअल उद्घाटन एवं आदमकद मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम में जयपुर-सीकर रेलवे लाइन पर जाहोता में रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), जयपुर-सवाईमाधोपुर पर सीतापुरा आरओबी और टोंक रोड पर बम्बाला पुलिया के चौड़ाईकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। साथ ही, जयपुर-दिल्ली रेलवे लाइन पर सिविल लाइन्स आरओबी और रामनिवास बाग में भूमिगत पार्किंग के दूसरे फेज के निर्माण कार्यो का शिलान्यास भी किया गया। इन सभी विकास कार्यो की लागत 309 करोड़ रूपये है।

महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन वंचित वर्ग के उत्थान को समर्पित रहा। समाज के दबे-कुचले वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष के प्रति समर्पण के कारण उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई। इस युगपुरूष ने नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला और पुरूष में भेद, जाति-प्रथा, धार्मिक आडम्बर सहित अन्य कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण किया।

जेडीए ने महात्मा फुले के स्मारक का निर्माण कर जयपुरवासियों को एक बड़ी सौगात दी है। इससे हम सभी, विशेषकर युवा, महात्मा फुले के संघर्षमय जीवन के बारे जानकर छुआछूत, महिला-पुरूष असमानता और घूंघट प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा ले सकते हैं। हमारा समाज आज भी ऐसी अनेक कुरीतियों से जूझ रहा है। लगभग दो शताब्दी पहले एक युवक समाज की कुप्रथाओं के खिलाफ खड़ा होने की हिम्मत कर सकता है, तो आज के पढ़े-लिखे और सशक्त युवा भी प्रदेश-देश और समाज के विकास में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। युवाओं को विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के माध्यम से एकजुट होकर समाज के उत्थान के लिए काम करने चाहिए।

**झुंझुनूं।** महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की 194 वीं जयंती मनाई गई। राजस्थान विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित जयंती कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सैनी समाज संस्था, झुंझुनूं की महिला जिलाध्यक्ष मनीता तंवर थी। अध्यक्षता विद्यालय निदेशक व विचार मंच के संरक्षक महेन्द्र शास्त्री ने की। कासिमपुरा पंचायत समिति सदस्य दिनेश कायस्थपुरा, माखर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नन्दलाल सैनी,समाजसेवी





हरिसिंह सांखला विशिष्ट अतिथि थे।महात्मा फुले के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि से शुरू हुए कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी नरेश सैनी ने स्वागत भाषण व फुले जीवनी पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने कहा कि महात्मा फुले ने जीवन पर्यन्त दलितों, शोषितों, वंचितों, निराश्रितों के हक और अधिकार दिलाने तथा उनके उत्थान के लिय रचनात्मक कार्य किए। उन्होने विद्यालयों की स्थापना कर शैक्षणिक व सामाजिक क्रान्ति की अलख समाज में जगाने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया। उनके सिद्वांत आज भी प्रासंगिक हैं। उपस्थित लोगों द्वारा कुछ प्रस्ताव पारित कर भारत सरकार व प्रदेश सरकार को भेजने का निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से नवाजा जाए।

शिक्षण संस्थानों में फुले दम्पति की जीवनी व कृतित्व पर पाठ्यक्रम तैयार कर बच्चों को पढाया जाए। महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले की स्मृति में शासकीय योजनाओं का नामकरण किया जाए।

शासकीय कार्यालयों में फुले दम्पत्ति के चित्र लगाए जाएं।

फुले दम्पति की प्रतिमाएं प्रत्येक राजधानी तथा शहरों के चौराहों एवम् शिक्षण संस्थानों में लगाई जाए।

फुले दंपत्ति के नाम पर विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों का नामकरण किया जाए।

महात्मा फुले एवं सावित्रीबाई फुले द्वारा लिखित साहित्य को स्थानीय भाषाओं में अनुवाद कर सभी को पढ़ने के लिए उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मुकेश सैनी ने किया। कार्यक्रम में ज्योति विद्यापीठ के निदेशक चिरंजीलाल सैनी, दुर्गादत्त सैनी,बीआरएस एकेडमी के निदेशक विक्रम सैनी व पवन सैनी, प्रधानाध्यापक श्रीराम सैनी व अध्यापक राजेन्द्र सैनी, राधेश्याम सैनी, इंजी मुकेश सैनी,रामस्वरूप सतरावला,पवन तंवर,महेन्द्र टेलर,अध्यापक प्रदीप सैनी,जयसिंह सैनी, रामगोपाल सैनी विशाल किरोडीवाल,मनोज चांदोलिया,डी पी सैनी,सुनील सैनी,सुरेन्द्र सैनी,दयाशंकर सैन,सुरेश सैनी सहित मंच कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**नौखा।** माली सैनी समाज ने नोखा में समाज के भवन में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले की 194वी जयंती मनाई इस मौके पर सुशील जी सांखला ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी के बारे अपने विचार रखे समाज के तमाम सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे समाज को महात्मा ज्योतिबा






फुले के सिद्वांतो पर चल कर शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने से समाज का विकास होगा।

**लाडनूं ।** माली सैनी सेवा संस्थान के तत्वावधान सैनी गेस्ट हाउस मंगलपुरा में महात्मा ज्योतिबा फुले की 194 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सैनी समाज के अध्यक्ष महालचंद टाक ने कहा कि वंचितो, शोषितों और समाज में हाशिए पड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए महात्मा ज्योतिबा फूले ने कल्याणकारी कार्य किए और समाज में अलग-थलग रह रहे लोगो को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता साहित्यकार डॉ वीरेंद्र भाटी मंगल ने कहा कि देश से छुआछूत खत्म करने और समाज को सशक्त बनाने में अहम किरदार निभाने वाले महात्मा ज्योतिबा फूले सामाजिक न्याय के लिए प्रयास करने वालों में सबसे अग्रणी रहें। डॉ भाटी ने आगे कहा कि उन्होंने जाति और संप्रदाय के बंधन के बिना समाज में सभी के लिए समान न्याय की बात की। फूले ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित तबके के उत्थान और महिला सारक्षता के विकास के लिए समर्पित कर दिया। हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज विकास में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। डॉ वीरेन्द्र भाटी मंगल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले 19वी सदी के महान समाज सुधारक, विचारक, दार्शनिक और लेखक थे। उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरीतियों को दूर कर हिंदू समाज में समरसता लाने का प्रयास किया । उनके द्वारा किए गए कार्यो से भारतवर्ष में एक नई चेतना का विकास हुआ और समाज के उस तबके को जीने की नई राह मिली जो अभी तक दुनिया के विकास की रोशनी से वंचित था। इससे पूर्व महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने फूले दम्पति को भारत रत्न सम्मान देने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। इस अवसर पर तनसुखराम टाक, नथमल टाक, दुर्गादत्त भाटी, तोलाराम मारोठिया, भंवरलाल इंदोरिया, सुमेरमल इंदोरिया, चुन्नीलाल टाक, बाबूलाल भाटी, रामलाल सैनी, सुखदेवाराम भाटी, नेमीचन्द टाक, डूंगरमल टाक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**लाखेरी।** महात्मा ज्योति बा फूले सैनी पब्लिक माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों व समिति के सदस्यों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि किशोरी लाल सैनी प्रदेश सचिव ऑल इन्डिया सैनी सेवा समाज, अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सैनी महिला प्रदेशाध्यक्ष ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज और विशिष्ट अतिथि मंगलचंद बताडिया संरक्षक सैनी शिक्षा समिति, रामकिशोर सैनी,घनश्याम सैनी (चाकसू) के सानिध्य में सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले जी जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान किया गया। उक्त अवसर पर श्रीमती गायत्री सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले और पहली महिला शिक्षक श्रीमती सावित्री बाई फुले को भारत रत्न देने की केंद्र सरकार से अपील की। कार्यक्रम में स्कूल समिति सदस्य शम्भूदयाल सैनी, विष्णु सैनी (कोषाध्यक्ष) रूपनारायण सैनी व स्कूल शिक्षक मनीषा कुमारी, मनोज सैनी, कृष्णा सैनी, बाबूलाल सैनी किरण सैनी, गंगा बाई, मथरी बाई, सीमा सैनी, पूजा सैनी, रेणु सैनी और कई समाज बंधु उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

**चितोड़गढ़।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर चितौड़गढ़ माली समाज के राजस्थान माली सैनी महासभा एवं राजस्थान माली सैनी जाग्रति संस्थान की ओर से पावटा चौक ज्योति बा फुले सर्कल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्वांजलि अर्पित की एवं पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, नगर परिषद चेयरमेन संदीप शर्मा, उप सभापति कैलाश पवाँर, पार्षद कन्हैया लाल माली, बाल मुकुंद मालीवाल ने ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण किया व ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुवे उनके पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर युवा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव प्रकाश माली, युवा जिलाध्यक्ष रामेश्वर माली,समाज के वरिष्ठ गण प्यारचंद,बोथलाल,रतनलाल एवं युवाजन कमलेश,देवराज,गोपाल,विकास,दीपक,आशीष,कमल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सैनी माली विकास संस्थान के नेतत्व में समाजजनों द्वारा रक्तदान किया गया रक्तदान का शुभारम्भ सैनी माली विकास संस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजन माली व पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण माली ने किया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष



गौतम दक ने पदाधिकारियों द्वारा किए गए रक्तदान को महादान बताते हुए कार्यकर्ताओं को कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगो के लिए,किसानों के लिए व नारी उत्थान व गरीबों के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए आप सभी युवा कार्यकर्ता समाज बंधु उनसे प्रेरणा लेकर उनके आदर्शो को अपने दैनिक जीवन में उतारते हुए उनके द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलते रहें इसी अवसर पर,नगर अध्यक्ष सागर सोनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले नारी जगत व महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के भी कार्य किए तथा उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान किया इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जवर पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष भोलाराम प्रजापत पूर्व उपप्रधान सीपी नामधरानी नगर महामंत्री एडवोकेट ओम प्रकाश शर्मा विधायक प्रवक्ता गिरीश दीक्षित पूर्व युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राधेश्याम कुमावत बद्रीलाल माली,विनोद माली,शंकर माली,रोहित माली,नवीन माली,विकास माली,जगदीश माली,पवन माली,मनोहर माली,कमलेश माली आदि कई कार्यकर्ता व समाजसेवी ने उपस्थित होकर जयंती मनाई।

**कोटा।** 11 अप्रेल रविवार को महात्मा ज्योतिराव फुले की 194 वी जयन्ती के अवसर पर महात्मा फुले भवन भूमि पूजन शिव मंदिर किशोरपुरा कोटा में सम्पन हुवा कार्येक्रम के मुख्य अतिथि संदीप शर्मा विधायक कोटा दक्षिण थे उन्होंने बताया कि समाज शिक्षा के बिना आगे नही बढ़ सकता, उन्होंने कहा कि महात्मा फुले देश के प्रथम समाज सेवक ओर प्रथम शिक्षक थे वह सामाजिक क्रांति के जनक थे उन्होंने उन्होंने संस्था का हर समय सहयोग करने को कहा परिसर में स्थापिथ महात्मा फुले प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की गई महात्मा ज्योति राव फुले सामाजिक क्रांति संस्थान किशोर पूरा कोटा के अध्यक्ष मुकेश बघेल ने बताया कि कोरोना गाइड लाइन की पालना करते हुए 20 -20 लोगो को ही प्रवेश दिया गया कार्येक्रम में मेघराज सुमन का पुलिस में प्रमोसन होने सम्मान किया और संस्कृति



सुमन का कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल मिलने पर सम्मान किया। इस अवसर पर मंदिर एव भवन निर्माण का भूमि पूजन भी किया गया विशिष्ट अतिथि डॉ बद्री गोचर अध्यक्ष भा ज पा युवा मोर्चा , विपिन बरथुनिया, मनोज गौतम अध्यक्ष बार कौंसिल कोटा, सुरेश गोचर महावीर गोचर थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बी एल सैनी, नाथूलाल पहलवान, जगदीश चंद सुमन, प्रदीप सुमन, टीकम चंद सुमन, बाबूलाल सुमन आदि उपस्थित रहे संचालन दुर्गा शंकर सुमनने किया।

**जयपुर।** आज मुहाना मंडी मे महात्मा ज्योतिबा फुले 194 वी जयंतीमनायी गयी मंडी परिसर मे आने जाने वाले किसानो मजदूर व आम जन को मास्क वितरण किये गये मास्क साथ साथ गुलाब का फूल देकर मास्क लगाने की अपील की गयी जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अधयक्ष राहुल तवंर ने बताया कि महात्मा फुले ने गरीब पिछड़े व शोषित वर्ग को आगे लाने कार्य किया उस समय जब छुआ-छूत जातिगत भेदभाव व समाज मे अनेकों कुरीतियाँ फैली हुयी थी तब महात्मा फुले ने आगे आकर सभी वर्गो के उत्थान का कार्य किया राजस्थान प्रदेश माली महासभा के अधयक्ष छुटटन लाल सैनी ने कहा कि महात्मा फुले मजदूरों किसानों के हितों व अधिकारों के लिये संघर्षरत रहे महात्मा फुले ने शिक्षा पर जोर दिया इस अवसर पर जयपुर माली सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष ओम राजोरिया पार्षद महेश सैनी दुर्गा लाल सैनी विनीत सांखला मांगीलाल पंवार बजरंग पंवार चन्दालाल सैनी सुरेश चौहान इमरान कुरैशी इंद सैनी विक्की मावर किसान नेता भँवर चौधरी गोपाल सैनी बजरंग शर्मा गोविन्द सैनी कैलाश सैनी चिरजी लाल सैनी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**बाघोली।** बाघोली गांव में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 194वीं जयंती कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त व्याख्याता भोमराज बांयल ने की। मुख्य अतिथि श्रीराम वर्मा थे। श्रीराम वर्मा ने कहा कि किसी भी महापुरुष की जयंती मनाना तभी ही सार्थक होगा जब उनके बताए हुए मार्ग पर चलेंगे तो ही। कार्यक्रम में ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के सामने पुष्प, धूप व मिठाइयां बांटकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन सीताराम सैनी ने किया। सीताराम सैनी ने बताया कि महापुरुषों ने समाज में फैली अनेक कुर्तियां मिटाकर समाज को एक नई दिशा दी इसी के अनुरूप हम आज उनके बताए हैं मार्ग के अनुसार वर्तमान समाज में फैली अनेकों कुर्तियो को खत्म कर समाज को विकसित कर सकते हैं । हमारे समाज में आज भी मृत्यु भोज बाल विवाह जैसी अनेकों को कुप्रथाएं चल रही है मृत्यु भोज को सरकार द्वारा प्रतिबंधित करने के बाद भी लोग चोरी छुपे मृत्यु भोज कर रहे हैं ।जिसको समाज के हर व्यक्ति को विरोध करके बंद करवाना पड़ेगा। इस मौके पर भूराराम, नेहरू युवा मंडल बाघोली के अध्यक्ष महेश कुमार, रामजीलाल ,विक्रम, प्रकाश, राकेश ,बुलाराम, मोहनलाल, रामजी लाल नायक, बाबूलाल तसीड़, जेपी सैनी, बद्री प्रसाद, गाडूराम,बिल्लू राम खटीक, राजेश बायल, रणजीत सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

**गुरूग्राम।** आज ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) की गुरुग्राम महिला इकाई के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिराव फुले जयन्ती का आयोजन सैनी भवन, गुड़गांव गांव में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन महासचिव राजकुमार सैनी, राष्टीय सह सचिव रेखा सैनी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष हंसराज सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्षा नीलम सैनी, पार्षद दिनेश सैनी, युवा सैनी समाज विकास समिति के अध्यक्ष अशोक सैनी, सैनी भवन के कोषाध्यक्ष लीलू राम सैनी, समाज उत्थान न्यास के अध्यक्ष गगन्दीप सैनी, एक आवाज के सचिव हितेश सैनी, सोनू सैनी, रजनीश सैनी इत्यादि उपस्थित रहे व महात्मा ज्योतिराव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय कार्यालय सचिव राधे श्याम सैनी द्वारा किया गया। सभी ने अपने वक्तव्य में महात्मा फुले को






श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन आदर्शों को अपने जीवन मे अपनाने का किया आग्रह। महात्मा फुले द्वारा नारी उत्थान व नारी शिक्षा के बताए मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाने पर दिया जोर। महात्मा जी द्वारा समाज मे कुप्रथाओं को दूर करने के प्रयास में संगठन द्वारा मृत्यु भोज व दहेज प्रथा पर प्रतिबंध के प्रयास में शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा आगे आकर उदाहरण प्रस्तुत करने का सभी ने सराहना की व सहयोग का आश्वासन दिया।

**सवाई माधोपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के तत्वाधान में रविवार को खेरदा स्थित संस्थान कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले की 194 जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर परिषद सवाई माधोपुर चेयरमैन विमल महावर व संस्थान जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले भेरु दरवाजा के पास मूर्ति लगाने के लिए एनओसी जारी करने पर संस्थान जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी ने नगर परिषद चेयरमैन विमल महावर साफा और माला वह ज्योतिबा फुले की तस्वीर बैठकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष विमल मीणा, राजेश पहाड़िया पार्षद, लोकेश मीणा विधानसभा अध्यक्ष, बसंती लाल सैनी सरपंच, पप्पू लाल माली रमेश चंद माली ,राधेश्याम ,ओम प्रकाश सेन, दीपक सेन गणेश माली, रमेश मीणा आदि ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला।

**चौथ का बरवाड़ा ।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के तत्वधान में रविवार को महात्मा ज्योतिराव फुले सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महात्मा ज्योतिबा फुले की 194 वी जयंती मनाई गयी इस अवसर पर चौथ का बरवाड़ा तहसीलदार सुरेश नारायण बेरवा व संस्थान जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर बसंती लाल सैनी जिला महामंत्री, बद्रीलाल भारती जिला अध्यक्ष महावर समाज, कमलेश पहाड़िया समाजसेवी, गणेश सैनी तहसील अध्यक्ष, गंगाधर सैनी प्रधानाचार्य, पप्पू लाल माली कोषाध्यक्ष माली समाज, सीताराम सैनी उपाध्यक्ष, नवरत्न सैनी आदि ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर अपने अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर कोरोना महामारी से बचाव के लिए संस्थान पदाधिकारियों ने सोशल डिस्टेंस वह मास्क लगाने की शपथ ली और लोगों को जागृत करने का संकल्प लिया

**अलवर।** महात्मा ज्योतिराव फुले सर्किल,अलवर पर महात्मा ज्योतिराव फुले दर्शन संस्थान, अलवर के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिराव फुले की 194वीं जयन्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष व पूर्व सभापति नगरपरिषद श्रीमती कमलेश सैनी, पार्षद अंशुल सैनी, पूर्व पार्षद निरंजन लाल सैनी , अलवर जिला सैनी महासभा संरक्षक, युवा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र खुराड़िया, सलाहकार मण्डल सदस्य एडवोकेट टेकचन्दसैनी, सचिव महेन्द्र सैनी कालीमोरी वाले तथा सैनी समाज के गणमान्य लोग तथा महात्मा ज्योतिराव फुले के अनुयायी महात्माजी को पुष्पांजलि अर्पित करनें व श्रद्वांजलि लेनें उपस्थित हुए। कोशिश 19 की गाइडलाइन के अनुसार विद मास्क व दो गज दूरी तथा भीड़ इकट्ठी



*भरतपुर में महात्मा ज्योति बा फूले समाज उत्थान समिति द्वारा समाज के 42 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। बीकानेर में सर्व समाज एवं संस्थाओं द्वारा 625 यूनिट रक्तदान कर महात्मा ज्योति बा फूले को श्रद्वांजलि अर्पित की गई। सिरोही में महात्मा ज्योति बा फूले की जयंति पर बच्चों में शिक्षण सामग्री बांटी गई।*

# समाज के भामाशाहों एवं कोराना वारियर्स की सेवाओं का बारम्बार आभार अभिनंदन

## नरपत सिंह सांखला ने 2 ऑक्सीलन मशीन एवं प्लाण्ट के लिए 5 लाख रुपये के साथ प्रशासन को दी 50 ऑक्सिमीटर मशीनें



जोधपुर। कोरोना काल मे अस्पतालों में मरीजो के लिए ऑक्सिमीटर की कमी की जानकारी मिलने पर सांखला बिल्डर्स के एमडी नरपत सिंह सांखला ने श्वास बैंक (ब्रीथ बैक) से प्रेरित हो एडीएम सिटी एम. एल. नेहरा को 50ऑक्सीमीटर सुपुर्द किये। आक्सीजन की भारी कमी को देखते हुए मथानियां अस्पताल में ऑक्सिजन प्लांट के लिए भी सांखला बिल्डर्स के डायरेक्टर नरपत सिह सांखला की तरफ से पांच लाख रुपये सहयोग प्रदान किया गया। इससे पहले जब उत्कर्ष के निर्मल गहलोत ने श्वास बैंक की घोषणा की तो सर्वप्रथम नरपत सिंह सांखला ने 2 ऑक्सिजन जनरेटर दिए। समाज की अनेको सामाजिक संस्थाओं से जुड़े नरपत सिंह सांखला ने इससे पूर्व श्री शिवरामजी नत्थू जी सेटेलाइट अस्पताल मंडोर में भी रु 1लाख रुपए की लागत का शेड कोविड पेशेंट के लिये बना कर दिया। ज्ञात रहे पिछले वर्ष कोरोना काल मे मजदूरों और बाहर से लोगो को भी इन्होंने 1 महीने का सूखा राशन दिया था। साथ ही गौशालाओं में भी गायों के चारे की व्यवस्था की थी। सरल स्वभाव के धनी नरपत सिंह सांखला के इस मानवीय सेवा कार्य के लिए प्रशासन ने हार्दिक आभार प्रकट किया। हम सभी नरपत सांखला का बारम्बार आभार प्रकट करते हुए आपके दीर्घायु जीवन की कामना करते है आप समय समय पर जरूरतमंद लोगों और सामाजिक संस्थाओं में नि:स्वार्थ भाव से सेवा के लिये अग्रणी रहते है।

## प्रवासी नेमीचंद गहलोत ने गांव वासियों के लिए भेंट की एक ऑक्सीजन कॉन्सरट्रेटर मशीन



प्रवासी समाज बंधु भामाशाह, समाजसेवी उधोगपति श्री नेमीचंद गहलोत ने अपने गांव बोरुंदा के लिए 1 ऑक्सिजन कॉन्सरट्रेटर मशीन राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के जन्म दिवस पर प्रदान की।

नेमीचंद जी ने बताया कि कोरोना महामारी के इस संकटकाल में कोई परिवार अपनों को न खोए, किसी स्वजन को चिकित्सकीय सुविधाओं एवं संसाधनों के अभाव में कोई तकलीफ न हो, इसके लिए मैं हरसंभव प्रयारसत हू, प्रतिबद्व हूं। इसी संकल्प को लिए आज स्वास्थ्य समुदाय केन्द्र श्री रूपरजत राजकीय चिकित्सालय बोरूंदा में श्वास बैंक- ओक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन की भेंट की। इसके साथ ही नेमीचंद गहलोत ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राजनीतिक जीवन के संघर्ष का जीवन परिचय सहित 500 रजिस्टर भी स्टूडेंट्स के लिए भेंट करने की घोषणा की। जिससे आज की पीढ़ी भी 40 वर्षो से गांधीवादी तरीके से बेदाग राजनीती करने वाले अशोक गहलोत के जीवन से सीख ले सकें।

## समाज के जितेन्द्र पंवार ने विदेश से इम्पोर्ट कर 300 ऑक्सीजन रेग्युलेटर नि:शुल्क अस्पतालों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किए



जोधपुर। कोरोना महामारी में जब दुकानदारों ने ऑक्सीजन रेग्युलेटर की कालाबाजारी करनी शुरू की तो बाजार में पीड़ितों को इसके 4 से 5 गुना ज्यादा दर में उपलब्ध होते देख। दुबई के व्यवसायी जितेंद्र पंवार ने तुरंत 300 ऑक्सीजन रेग्युलेटर के कम्पलीट सेट इम्पोर्ट करवा कर अपने पिता मगराज पंवार के माध्यम से मण्डोर सेटेलाईट अस्पताल, पावटा सेटेलाईट अस्पताल, मेडिकल कॉलेज के साथ ही अन्य जिलों में भी ऑक्सीजन रेग्युलेटर भिजवा बहुत बड़ी राहत प्रदान की। हम जितेंद्र पंवार का हार्दिक आभार प्रकट करते है आप समय समय पर अपने पिताजी मगराज पंवार के साथ गौ सेवा एवमं जरूरतमंदों की सेवा के लिए अग्रणी रहते है। श्री जितेंद्र जी पंवार बिल्डर्स के डायरेक्टर है साथ ही आप च्संलइवल ब्सनइ (॑-।) के मिडिल ईस्ट, दुबई और जयपुर के मास्टर थ्तंदबीपमे भी है।

## गरीबों के लिए सुरेश सांखला एसीपी ने 500 पैकेट् भेजे



जो व्यक्ति गरीब से उठकर अपने मुकाम पर पहुँचता है वो व्यक्ति गरीबी के असली मायने समझता है माली समाज गौरव युवा सुरेश साँखला एसीपी बस्सी के शंघर्ष की कहानियां तो आपने पढी होगी कैसै उन्होंने गाँव-गाँव कुल्फी व सब्जी बेचकर पढ़ाई करते हुए आरपीएस बनें। कोरोना महामारी की दूसरी लहर में जब उनको गरीब लोगों के पास अनाज नहीं होने की बात सुनी तो तुरंत राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड प्रधान कार्यालय पर एक-एक किलो के आटे के 500 पैकेट भिजवायें ताकि इस लॉक डाऊन के दौरान कोई भी भूखा ना सोयें और उन्होंने फुले ब्रिगेड द्वारा किये जा रहे कार्य के लिए भी धन्यवाद दिया। फुले ब्रिगेड और समाज उनको दिल से धन्यवाद करता है तथा आपके उज्जवल भविष्य की कामनाँ करता है ।

## युवा राजनेता आदित्य सिंह ने 24 घंटे अस्पताल के लिए अपनी कार से सेवाएं देने के साथ ही बांटे मास्क।



जोधपुर। समाज के युवा राजनेता, भामाशाह समाज सेवी आदित्य सिंह गहलोत की अनूठी पहल 24 घंटे अस्पताल पहुँचाने के लिए लगाई अपनी कार। कोरोना महामारी में जब अपने क्षेत्र में लोगों की अस्पताल पंहुचानें की समस्या आने लगी तब आदित्य सिंह गहलोत ने तुरंत अपनी स्वयं की ओर से सभी पीड़ितों को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाने की ठानी। यहीं नहीं आदित्य सिंह गहाले ने 2000 मास्क बाटनें का भी लिया निर्णय। आप हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते है।

# युवा प्रणय गहलोत एवं राकेश परिवार बनें ऑक्सीजन मेन





नागौर। युवा उद्यमी, नागौर माली समाज के लाडले प्रणय गहलोत ने इस महामारी में सर्व समाज की सेवा के लिए दिन रात सेवा कार्य किये है आपने भावनगर से 200 ऑक्सीजन सिलेन्डर निशुल्क उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही आपके बड़े भैया प्रमिल गहलोत ने अपनी पोती बेबी समीक्षा की पहली जन्मदिन पर ऑक्सिजन कॉन्सट्रेटर मशीन पुराने रामदेव पित्ती हॉस्पिटल में कोविड मरीजों के लिए उपलब्ध करवाई। इस महामारी में आपके परिवार द्वारा किये जा रहे सेवाकार्यों के लिए आभार अभिनंदन। इसके साथ ही सेवा और समर्पण का अनूठा उदहारण प्रस्तुत किया है युवा ऑटो डीलर राकेश परिहार ने अब तक बचा चुके है 40लोगो की जान। अपने मित्र की कोरोना में ऑक्सीजन की कमी से होने के बाद विचलित हुए राकेश परिहार ने स्वयं की गाड़ी से रोजना ऑक्सीजन सिलेण्डर जरूरतमंदों को नि:शुल्क उपलब्ध कराएं है ओर अभी भी सेवा कार्यों में लगे हुए है। समाज के युवा प्रणय गहलोत एवं राकेश परिहार की मानव सेवा के प्रति नि:स्वार्थ भाव से की गई सेवा पर माली सैनी संदेश परिवार हार्दिक आभार एवं अभिनन्दन प्रकट करता है इस महामारी में अपनी जान की परवाह किए बिना आपके द्वारा मानव सेवा की अनुपम सेवा सभी के लिए प्रेरणादायक है।



# स्वयं के दुखों को भूल परपीड़ा में सेवाएं दे रहे है गोरधन गहलोत



जोधपुर गोरधन गहलोत एक ऐसा व्यक्तित्व जिन्होंने हाल ही के दस दिनों के अंदर अपने दो परिवार जनों को तीन दिन के भीतर खोया, लेकिन इसके बावजूद भी कोरोना के इस संकट में मानव जीवन को बचाने हेतु जो मेहनत कर रहे है, उनका कोई जवाब नहीं है।

एक प्राइवेट नौकरी करते हुए भी अपना सारा समय रक्त, प्लाज्मा दान हेतु लगा रहे है, उसका कोई जवाब नहीं है। रोजाना 18 से 20 घंटे कार्य, देर रात तक कार्य, अपनी गाड़ी से रक्तदाताओं को लाना, उन्हें जरूरतमंद तक पहुंचाना...यह तो जुनूनी व्यक्ति ही कर सकता है। मुझे लगता है जोधपुर इस प्रकार के युवाओं की वजह से ही कोरोना के इस कहर से अपने आप को बचा पाएगा।

गोरधन गहलोत जैसे कई युवा है जो गुमनाम होकर अपने स्तर पर मानव जीवन को बचाने में लगे हैं स्वयं के दु:खों को भूल परपीड़ा में आमजन को इस महामारी में सेवाएं दे रहे ऐसे युवाओं का का बारंबार आभार अभिनंदन।

# पार्षद लक्ष्मी कच्छवाहा ने दी 3 ऑक्सीजन मशीनें एवं सामग्री



पीपाड़। जननायक अशोक गहलोत के जन्मदिन पर पीपाड़ नगर पालिका वार्ड नं 23 के पार्षद लक्ष्मी जी कच्छावाहा की पहल पर पीपाड़ शहर के जिला अस्पताल के लिये 3 ऑक्सीजन कॉन्सरट्रेटर मशीनें, सेनिटाइजर एवं एन 95 मास्क उपलब्ध करवा इस कोरोना काल में महामारी से जुझ रहे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचाई। उनके इस सेवा कार्य में समाज सेवी कुशाल सिंह कच्छावाह व उनके पुत्र कपिल कच्छावा का सहयोग रहा। सभी वर्गो ने कच्छवाहा परिवार के इस सेवा कार्य पर हार्दिक आभार प्रकट किया।




जोधपुर। मैसर्स बी. आर.डी.इन्फ्रा नयापुरा लालसागर मंडोर जोधपुर के द्वारा राजकीय श्री शिवराम नत्थुजी टाक मंडोर हास्पीटल मंडोर जोधपुर के प्रशासन को कोविड-19 के संक्रमित मरीजों को सुचारू रूप से उपचार उपलब्ध कराये जाने हेतु 4आक्सीजन कंसंटेटर देने की घोषणा के साथ ही प्रथम आक्सीजन कॉन्सट्रेटर प्रदान किया। साथ ही ऑक्सीजन रेग्युलेटर की कमी को देखते हुए अस्पताल प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

# जन प्रतिनिधियों ने कोरोना महामारी में आमजन को राहत देने के लिए जारी की राशि



सांसद नायाब सिंह सैनी
ने 50 लाख रू.
ऑक्सीजन प्लाण्ट के लिए



विधायक अविनाश गहलोत
ने 45 लाख रू.
ऑक्सीजन प्लाण्ट के लिए



विधायक शोभारानी कुशवाहा
ने 65 लाख रू.
ऑक्सीजन प्लाण्ट के लिए



महापौर कुंती परिहार नगर निगम
जोधपुर की ओर ने 2 करोड़ रू.
मण्डोर सेटेलाईट अस्पताल
ऑक्सीजन प्लाण्ट के लिए



आरसीए चेयरमैन वैभव गहलोत
ने सैकड़ों ऑक्सीजन सिलेण्डर्स एवं
2 दर्जन से अधिक ऑक्सीजन कांन्सरट्रेटर
मशीनें उपलब्ध कराई

*समाज के उद्योगपति जैतारण निवासी संत ब्रदीनारायण चौहान ने महात्मा गांधी अस्पताल में 30 लाख रूपए लागत के वैण्टिलेटर अस्पताल प्रबंधन को बिना किसी समारोह के उपलब्ध करवा अनुठी सेवा की मिसाल पेश की। समाज के ही सुंदर मल सैनी ने कोविड केयर सेंटर नीमकाथाना के लिए 10-10 लीटर के 2 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जिनका मूल्य 1,70,000 है उपखंड प्रशासन नीमकाथाना को उपलब्ध कराएं हैं। इस हेतु कृष्णा माइंस एंड मिनरल्स के समस्त पार्टनर को उपखंड प्रशासन की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया।*

# क्रांतिकारी युवा शालू सैनी बनी पूरे देश के लिए मिशाल श्मशान में लावारिस रखी 12 मृतकों की अस्थियो का विसर्जन करके उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की



मुज्जफर नगर। 'कोरोना महामारी' के इस आपात समय मे जब कई जगह से दवाओं ऑक्सीजन की कालाबाजारी, अपनो को अपने द्वारा छोड़ देने की घटना, व अंतिम क्रिया तक न हो पाने की दु:खद खबर आ रही है ऐसे समय मे एक बार फिर साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्षा क्रांतिकारी शालू सैनी मिशाल बनी है, जनपद मुज्जफर नगर के स्थानीय श्मसान घाट पर एक लावारिश लाश का अंतिम संस्कार करने पहुची क्रांतिकारी शालू सैनी ने जब वहां लावारिश अस्थियों को देखा तो उनसे रहा नही गया स्थानीय व्यवस्थापक ने बताया कि ऐसे करीब 12 व्यक्तियों की अस्थियां है जो या तो लावारिश है या कोरोना के डर से उनके परिवार वाले अस्थियां ले नही गए। अपने सामाजिक कार्य से मिशाल बन रही क्रांतिकारी शालू सैनी ने तत्काल निर्णय लिया कि वो इन अस्थियो का विसर्जन करेंगी जिससे धार्मिक मान्यता के अनुसार मृतको को शांति मिल सकें, अपने संकल्प को पूरा करने के क्रम में उन्होंने सभी अस्थियो को एकत्र करके उन्हें अपने साधन से शुक्रताल लेकर गयी और वहाँ पावन गंगा जी मे श्रद्धा के साथ उनका विसर्जन करके उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। क्रांतिकारी शालू सैनी ने संगठन के साथ पिछले लॉक डाउन में भी जन जन तक भोजन नाश्ता इत्यादि सेवा पहुचाने के कार्य मे लगी थी अभी कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने कोरोना से मृत्यु हुए व लावारिस लाशो के अंतिम संस्कार का बीड़ा भी उठाया है, क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा जिस तरह से 12 मृतको की अस्थियो का श्रद्धा पूर्वक विसर्जन किया गया वो अन्य सभी के लिए मिशाल है। क्रांतिकारी शालू सैनीने कहा कि वो और उनका संगठन साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट इस तरह के कार्य जीवनपर्यत करते रहेंगे, क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा आज किये गए विसर्जन की चर्चा सिर्फ मुजफरनगर ही नही अन्य कई जिलों में हो रही है कई सम्मानित व्यक्तिओ और संस्थाओ ने उत्तरप्रदेश सरकार से मांग की है कि क्रांतिकारी शालू सैनी जी को

# अश्विनी सैनी देश सेवा के जज्बे के साथ बनी फ्लाइंग ऑफिसर

## दादा-पिता रहे सेना में, अब तीसरी पीढ़ी में बेटी बनी फ्लाइंग ऑफिसर



बहादुरगढ़। डीआइजी कालोनी निवासी सैन्य परिवार की होनहार बेटी अश्विनी सैनी देश सेवा के जज्बे के साथ भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर नियुक्त हुई है। पिता और दादा भी देश सेवा को समर्पित रहे हैं। अब बेटी की उपलब्धि से परिवार और गांव के लोग बेहद खुश हैं।

अश्विनी का परिवार मूल रूप से चरखी दादरी के गांव बीड़ भैरवी का रहने वाला है। उसके पिता अशोक कुमार भी पूर्व सैनिक हैं। 20 साल तक वायु सेना में रहे। बतौर सार्जेंट सेवानिवृत्त होकर छह साल तक दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर भी रहे। बाद में उनका चयन हरियाणा शिक्षा विभाग में अंग्रेजी प्रवक्ता के तौर पर हो गया। फिलहाल कानौंदा के राजकीय विद्यालय में कार्यरत हैं। उनके तीन बच्चों में से अश्विनी सबसे बड़ी हैं। उससे छोटे दो बेटे हैं। अश्विनी शुरू से ही मेधावी रही है। स्कूल-कॉलेज के दिनों में बैंडमिटन में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी फिजिक्स और डीटीयू से फिजिक्स में पीएचडी की। देश सेवा उसका सपना रहा है। इसलिए उसने भारतीय वायु सेना को चुना।

खास बात यह है कि अश्विनी के दादा ताराचंद सैनी भी सेना में रहे। उनका यही सपना रहा कि परिवार की हर पीढ़ी में कोई न कोई सेना में अधिकारी बनें। उनके इसी सपने को अश्विनी ने साकार किया है। इधर अश्विनी ने अपनी सफलता का श्रेय मां वीना को दिया है। वीना गृहिणी हैं। अश्विनी की पॉसिंग आउट परेड में परिवार के सदस्य कोरोना के चलते नहीं जा पाए। अश्विनी से छोटे उसके भाई अमित का बिजली निगम में जेई पद पर चयन हुआ है। दूसरा भाई विनित आर्मी ज्वाइन करने के लिए तैयारी में जुटा है। हम समाज की युवा बेटी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते है आप देश सेवा में नित्त नए आयाम स्थापित कर समाज एवं देश को गौरवान्वित करेगी यहीं हम सभी की शुभकामनाएं है।

### सुविचार

अगर शहद जैसा..मीठा परिणाम चाहियें तो, मधुमक्खियों की तरह,एक रहना जरूरी है.. चाहे वो दोस्ती हो.. परिवार हो.. या अपना समाज हो..

# महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर समाज के नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान, जयपुर जिले की नव गठित कार्यकारणी का हुआ शपथ ग्रहण




जयपुर। सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था, जयपुर जिला ईकाई के द्वारा बनीपार्क स्थित श्री राम वाटिका में महात्मा ज्योति बा फूले जयंती के अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान किया गया, साथ ही जयपुर जिले की नव गठित कार्यकारिणी सदस्यों का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल सैनी (आर.ए.एस.) ने शपथ दिलाई, कार्यक्रम में संस्थापक बुद्धसिंह सैनी की अपने जीवन पर लिखी पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

आयोजन की अध्यक्षता संस्था के प्रदेशाध्यक्ष राजूलाल सैनी द्वारा की गई। समारोह में पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, महासचिव सुरेश सैनी, के. एल. भाटी, सुरेश कुमार सैनी, विरष्ठ समाज सेवक प्रदेश उपाध्यक्ष ग्यारसीलाल सैनी, प्रदेश सचिव किशोर सैनी, जयपुर जिला माली (सैनी) समाज के अध्यक्ष रोशन लाल सैनी व प्रवक्ता महासचिव रामशरण सैनी, वरिष्ठ वकील गणेश सैनी पूर्व पार्षद किशोर न्याय बोड सदस्या शीला सैनी सहित समाज के कई गणमान्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

नवगठित कार्यकारिणी में संजय कुमार सैनी को अध्यक्ष, कैलाशचंद सैनी को महासचिव, जितेन्द्र सैनी को कोषाध्यक्ष, अनेशकुमार सैनी को वरि. उपाध्यक्ष। कैलाशचंद्र सैनी, राजेन्द्र तंवर, प्रभुदयाल सैनी, नवीन कुमार सैनी, गजेन्द्र कुमार सैनी, रिषी गहलोत, राजेन्द्र राजोरिया, हिमांशु सैनी, छोटेलाल सैनी, मुकेश सैनी, राकेशकुमार सैनी, बलराम सैनी, गिरधर सैनी, शंकरलाल सैनी, बलराम सैनी (डाक) को उपाध्यक्ष। डॉ. आंकाक्षा सैनी, सुमन सैनी, आरती पुष्प, मनीषा सैनी, रिनू सैनी को महिला उपाध्यक्ष।

जितेन्द्र कुमार अजमेरा, राजुलाल सैनी, सुरेश राजोरिया, प्रकाश सैनी, अंकित सैनी, शिम्भू दयाल सैनी को सचिव। संजय गहलोत, विक्रम सैनी, राजेश कुमार सैनी, विमलेश कुमार सैनी, कमल सैनी को उपसचिव व देवेन्द्र सैनी, हितेश सैनी, हनुमान सैनी, सुनील कुमार सैनी, सुरेश कुमार सैनी, रोशन लाल सैनी को संगठन मंत्री बनाया गया। साथ ही विधि सलाहकार के लिए महावीर सैनी, वित्त सलाहकार सीए रोहित कुमार सैनी, मिडिया प्रभारी केश सैनी एवं कार्यालय मंत्री किशन कुमार सैनी को नियुक्त किया गया।

माली सैनी संदेश परिवार सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

# टाइगर मैन पद्मश्री डॉ कैलाश सांखला स्मृति में वन के लिए भूमि चयन पर मुहर

## मण्डोर की बेरीगंगा वन क्षेत्र में 20 करोड़ की लागत से बनेगा स्मति वन



जोधपुर। देश में वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर (बाघ परियोजना) लांच करने वाले टाइगर मैन ऑफ इण्डिया जोधपुर निवासी व पद्म श्री डॉ कैलाश सिंह सांखला स्मृति वन के लिए भूमि चयन पर मुहर लग चुकी है। मंडोर आठ मील बेरीगंगा वन क्षेत्र में मंडोर पुलिस थाना के सामने स्थित क्षेत्र में करीब 20 करोड़ की लागत से बनने वाले वन क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से वर्ष 2021 की बजट घोषणा में जोधपुर से नागौर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 के मील क्षेत्र में पद्मश्री कैलाश सिंह सांखला स्मृति वन बनाए जाने की घोषणा की गई थी। जोधपुर निवासी सांखला ने देश में वर्ष 1973 में बाघ परियोजना की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था। स्मृति वन के लिए प्रस्तावित क्षेत्र में वनखण्ड बेरीगंगा के अधीन है। यह क्षेत्र रक्षित वन के वैधानिक अस्तित्व को धारण करता है। मुख्य वन संरक्षक जोधपुर व जिला प्रशासन के अधिकारी क्षेत्र का अवलोकन कर कार्य की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयारियों में जुटे है।

**ऐसा हागा स्मृति वन का प्रारूप :** क्षेत्र का विकास जयपुर में स्थित राजस्थान पत्रिका के संस्थापक कर्पूर चंद कुलिश स्मृति वन क्षेत्र की तर्ज पर किया जाना प्रस्तावित है। स्मृति वन को बेहतर बनाने के लिए राज्य के अन्य स्मृति वनों के प्रारूप की भी सहायता ली जाएगी।

**स्मृति वन में प्रस्तावित कार्यो का विवरण :** स्मृति वन के लिए लगभग 200 हेक्टेयर वन क्षे को कवर किया जाएगा। वनक्षेत्र में वृक्षारोपण, नेचर पाथ, प्रकृति उद्यान, ग्रेडोनी, चैकडेम, तालाब सौदर्यकरण, केटलगार्ड हट, जलग्रहण संरचनाएं एवं अन्य प्रकार के वनिकी विकास कार्य होगे।

**नवाचार से बचेंगे शहरी वनखण्ड :** ऐसे नवाचारसे शहर के वनखण्ड को न केवल अतिक्रमण से बचाया जा सकता है बल्कि आमजन में भी वन और वन्यजीव संरक्षण की भावना विकसित होगी। साथ ही शहर की सीमा में बनाएं जाने से जोधपुर के आम नागरिकों को प्रकृति के साथ रहने का अवसर उपलब्ध होगा। - **डॉ. हेमसिंह गहलोत,**


**सदस्य राज्य वन्य जीव बोर्ड, राजस्थान**



समाज गौरव भारत के टाईगर मैन पद्म श्री कैलाश सांखला टाईगर प्रोजेक्ट के भारत मे प्रथम डायरेक्टर थे। इनके विशेष प्रयासों के कारण ही भारत मे टाईगर के संवर्धन की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई. अलवर जिले के सरिस्का मे ये एक संत की तरह काफी समय तक झोंपड़ी बनाकर रहे और टाईगर को बचाने और लोगों को जागरूक करने मे अपना पूरा जीवन खपा दिया. सरिस्का काली घाटी चेक पोस्ट के पास आज भी ये झोंपड़ी देखी जा सकती है.सरिस्का जंगल से गुजर रहे राजमार्ग को कैलाश सांखला वन मार्ग के नाम से जाना जाता है.ये जोधपुर के रहने वाले थे। भारत सरकार ने टाईगर के संवर्धन के लिये किये गये इनके योगदान को देखते हुये, इनको पद्म श्री पुरुस्कार से सम्मानित किया.

### संक्षिप्त जीवन परिचय :

समाज गौरव कैलाश सिंह सांखला जो कि कैलाश सांखला के नाम से प्रसिद्ध थे। जिन्हें टाइगर मैन ऑफ इण्डिया के नाम से संमूर्ण विश्व में जाना पहचाना जाता था को राजस्थान में रणथम्भौर, सरिस्का तथा केवलादेव जैसे विश्वविख्यात राष्ट्रीय उद्यानों उपं अनेक वन्यजीवन अभयारण्यों की स्थापना एवं प्रबंध में विशेष भूमिका निभाने के अतिरिक्त विश्व के सबसे बड़े वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रम ''प्रोजेक्ट टाइगर'' के सूत्रधार, प्रथम सफलतम संचालक एवं प्रबन्धक होने को भी श्रेय जाता है। आपका जन्म जोधपुर के पास चौखा ग्राम में 6 मार्च, 1925 को हुआ था। आपके पिता खींवराज सांखला भी उद्यान अधीक्षक थे तथा माता ग्रहणी थी। आपके दो भाई एवं एक बहन तथा दो पुत्र है। प्रारंभिक शिक्षा जोधपुर में हुई तथा 1950 में राजस्थान विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में एम.एस. सी की उपाधि प्राप्त की। बाल्यकाल से ही प्रकृति प्रेमी होने के कारण आपने भारतीय वन महाविद्यालय देहरादून से वानिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया। उसी वर्ष राजस्थान वनसेवा में चयनित हो वन विभाग में सेवाएं देना प्रारंभ किया। आपने सर्वप्रथम 1953 में उप मण्डल वन अधिकारी बूंदी में पदस्थापित हो अपनी सेवाएं प्रदान की। इसके पश्चात 1965 में मण्डल वन अधिकारी भरतपुर बनें, इसके साथ ही अनेकों पदों पर आपने अपनी सेवाएं प्रदान की। आप देश के प्रथम विचारक एवं अधिकारी थे जिन्होंने वर्ष 1967 में बाघ संरक्षण की मांग उठाई। आपके अथक प्रयासों से ही संपूर्ण विश्व में बाघ को संरक्षित प्रजाति घोषित किया गया। भारत सरकार ने आपको राष्ट्रीय बाघ परियोजना में देश का प्रथम निदेशक नियुक्त किया। आपने बाघों के संरक्षण के लिए आजीवन कार्य किया और अनेकों विदेश यात्राएं भी की। आप टाइगर ट्रस्ट भारत सरकार के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। आपकों अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। 15 अगस्त, 1994 को आपका आकस्मिक निधन हो गया। आज वन्यजीवों के सशक्त हितैषी कैलाश सांखला हमारे बीच में नहीं है लेकिन आपके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की ऐसी विधि हमारे पास विरासत में है जिनका सदुपयोग आने वाली पीढ़ियां वन्य प्राणी संरक्षण हेतु करती रहेगी। आपकों मरणोपरांत पद्मश्री पुरस्कार से भारत सरकार ने सम्मानित किया।



# वर्चुअल एप के माध्यम से 19 जोड़े बनें हमसफर

## माली समाज का 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन, अलग-अलग घरों में पाणिग्रहण संस्कार संपन्न

बोरावाड़। माली (सैनी) समाज मकराना, बोरावड़, परबतसर, बड़ू, बिदियाद, कालवा आदि छह गांव सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान में आखातीज को कस्बे में समाज को तेबीसवां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें उन्नीस जोड़ों के साथ तुलसी विवाह की रस्म अदा की गई।

विवाह सम्मेलन में आचार्य पण्डित विमल पारीक के सानिध्य में 22 पण्डितों ने वर्चुअल एप के माध्यम से माली समाज के स्थानीय अलग-अलग घरों में एक-एक वर-वधुओं के तोरण, वरमाला, आशीर्वाद समारोह, पाणिग्रहण संस्कार तथा विदाई के कार्यक्रमों के माध्यम से बीस जोड़ों के लिए विधिवत रश्म अदा करते हुए सभी जोड़ों ने सातों वचन निभाने की कश्में खाई।

सामूहिक विवाह सम्मेलन का आगाज स्थानीय शहीद भंवरलाल भाकर वीर चक्र फीलिंग स्टेशन के पास कृषि फार्म में स्थापित सामूहिक विवाह समिति के कंट्रोल रूम में मुख्य अतिथि माणकचंद टाक तथा भंवरलाल भाटी की अध्यक्षता में झण्डारोहण के साथ किया गया। विभिन्न घरों में आयोजित एक-एक जोड़ें के विवाह संस्कार छह गांव सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष भंवरलाल गेहलोत, महिला अध्यक्षा मंजू सैनी, महासचिव गणपतलाल सोलंकी, बोरावड़ अध्यक्ष राजेश भाटी, सचिव कन्हैयालाल टाक, उपाध्यक्ष तेजपाल बागड़ी, बाबुलाल टाक, सूरजमल बागड़ी, दुलीचंद गेहलोत, नोरतमल टाक, देवेन्द्र भाटी, गोपीराम तंवर, सुगनचंद गेहलोत, कन्हैयालाल टाक, सुवालाल सांखला, हनुमानाराम सोलंकी तथा माणकचंद



टाक आदि के सानिध्य में संपन्न कराये गए। सामूहिक विवाह के आयोजन में माली समाज मकराना के कार्यवाहर अध्यक्ष मेहराम चौहान ,परबतसर अध्यक्ष सेवाराम दगदी, कालवा से गणपतलाल बबेरवाल, बड़ू से सत्यनारायण सिंगोदिया, समिति उपाध्यक्ष तिलोकराम गेहलोत, कैलाशचंद तंवर, बाबुलाल सिंगोदिया, रामबाबू सांखला, नवरतन सांखला, पप्पुराम गेहलोत, घासीराम सिंगोदिया, भागचंद टाक, चौथमल टाक, राजीव सोलंकी, कालवा उपसरपंच प्रवीण चौहान, वार्ड पंच प्रकाश, अशोक भाटी, सुरजीत, ओमप्रकाश टाक तथा मनीष सांखला सहित अनेक लोगों ने अपनी सेवाएं दी।




## विनम्र श्रद्धाजंलि

**समाज के सभी वर्गो के प्रिय सेवाभावी श्री दशरथ सोलंकी एवं शिक्षाविद् श्री नरेश गहलोत का कोरोना महामारी में हुआ निधन**



स्व. श्री दशरथ सोलंकी



स्व. श्री नरेश गहलोत

आप दोनों के आकस्मिक निधन पर माली सैनी संदेश परिवार ईश्वर से दिवगंत आत्मा की शांति एवं परिजनों को यह असीम वज्रपात सहन करनें की हिम्मत प्रदान करने की प्रार्थना करता है।

**ओम शांति ओम शांति**




# समाज के युवा तरुण सैनी नाम मात्र के शुल्क पर शिक्षा प्रदान कर रहे है , आज 8लाख ऑन लाईन स्टूडेंट्स और 40 लाख फ्लोवर्स है

ऑस्ट्रेलिया में नौकरी छोड़ 2 साल पहले ऑनलाइन स्कूल शुरू किया, अब 5 करोड़ टर्न ओवर रू. 250 रु. में ज्वॉइन कर सकते हैं क्लास

हरियाणा के अंबाला जिले में रहने वाले तरुण सैनी एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनकी 12वीं तक पढ़ाई गांव में ही हुई। इसके बाद उन्हें स्कॉलरशिप मिली और वे ऑस्ट्रेलिया चले गए। वहां मेलबर्न यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने 4 साल तक डोर टू डोर सेल्समैन का काम किया। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलियाई सरकार के एक एजुकेशन प्रोजेक्ट से जुड़ गए। करीब ढाई साल काम करने के बाद 2018 में तरुण भारत लौट आए और एक ऑनलाइन एजुकेशन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। जिसके जरिये वे हिंदी, अंग्रेजी के साथ-साथ लोकल लैंग्वेज में स्टूडेंट्स को ऑनलाइन एजुकेशन प्रोवाइड करा रहे हैं। देशभर से हर महीने 8 लाख स्टूडेंट्स उनकी लाइव क्लास अटैंड करते हैं। 40 लाख से ज्यादा उनके ऑनलाइन सब्सक्राइबर्स हैं। ऑनलाइन स्कूल का टर्नओवर 5 करोड़ रुपए है।

तरूण की टीम में 110 युवा शामिल है



## एक ही प्लेटफॉर्म पर हर सब्जेक्ट की क्लास हो इसलिए शुरू किया स्टार्टअप

अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए 31 साल के तरुण बताते हैं कि उनके गांव में पढ़ाई की बेहतर सुविधा नहीं थी। आसपास कोई बेहतर टीचर भी नहीं था। उन्हें ट्यूशन के लिए 30 से 35 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। वे सुबह जल्दी घर से निकलते थे और वापस लौटते- लौटते शाम हो जाती थी। वे कहते हैं कि जब तीन साल पहले मैं इंडिया लौटा तो देखा कि अभी भी हमारे यहां हालात बहुत ज्यादा नहीं बदले हैं। गांवों में स्मार्टफोन तो पहुंच गया है, लेकिन बेहतर स्कूल नहीं हैं। अभी भी गांव के बच्चों को ट्यूशन के लिए दूर शहर जाना पड़ता है। ऊपर से जितने सब्जेक्ट्स, उतने टीचर। यानी स्टूडेंट्स का पूरा दिन यहां से वहां जाने में ही निकल जाता है।

तरुण बताते हैं कि चूंकि मैंने एजुकेशन फील्ड में काम किया है तो तय किया कि क्यों न इन बच्चों की सहूलियत के लिए कुछ काम किया जाए। शुरुआत में तरुण और उनकी टीम ने कुछ महीने रिसर्च में बिताए। वे अलग-अलग राज्यों में गए। वहां गांवों और पंचायतों का दौरा किया। लोगों से मिले। गांव के बच्चे कैसे पढ़ते हैं, बोर्ड की तैयारी करने वाले छात्रों को क्या-क्या दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर डेटा कलेक्ट किया। फिर अगस्त 2018 में वेबसाइट और यूट्यूब के जरिए विद्याकुल नाम से ऑनलाइन स्कूल की शुरुआत की।

तरुण कहते हैं कि शुरुआत में एजुकेशन फील्ड में काम करने वाले लोगों ने हमें भरपूर सपोर्ट किया। कोटा के अजय त्यागी ने हमें सबसे पहले फंड दिया था। इसके बाद कई लोगों ने हमें फंड दिए। अब तो हम सेल्फ डिपेंडेंट हो गए हैं। साल 2019 से हमने सही तरीके से काम करना शुरू कर दिया। इसके बाद अगले साल यानी फरवरी 2020 में हमने अपना ऐप भी लॉन्च कर दिया।

### स्टूडेंट्स को क्या क्या सुविधाएं मिलती है



- लाइव लेक्चर्स और प्री रिकॉर्डेड वीडियो। हिंदी, अंग्रेजी के साथ स्थानीय भाषाओं में।
- वीडियो लेसन, हैंड रिटन नोट्स, ई बुक, सैंपल पेपर्स और मॉक टेस्ट की सुविधा।
- वॉट्सऐप या ऑनलाइन ऐप के जरिए रियल टाइम टीचर्स से एडवाइस और डाउट क्लियर करने की सुविधा।
- अलग-अलग सब्जेक्ट के लिए अलग एक्सपर्ट टीचर की व्यवस्था।

**40%** से ज्यादा क्लासेज और कोर्स मुफ्त में दी जाती है। बाकी के लिए भी कीमत ज्यादा नहीं है।

## लोकल लैंग्वेज पर फोकस किया ताकि गांव के बच्चों को नहीं हो दिक्कत

तरुण कहते हैं कि देश में कई ऑनलाइन एजुकेशनल प्लेटफॉर्म हैं, लेकिन ज्यादातर अंग्रेजी मीडियम में हैं। ऐसे में हिंदी भाषी राज्यों या जहां लोकल लैंग्वेज की डिमांड ज्यादा है, उन्हें इसका ठीक तरह से लाभ नहीं मिल पाता है। देश में करीब 70 प्रतिशत बच्चे स्टेट बोर्ड से ताल्लुक रखते हैं। अकेले यूपी बोर्ड के छात्रों की संख्या सीबीएसई वालों से ज्यादा है। ऐसे में लैंग्वेज की वजह से ज्यादातर छात्र ऑनलाइन एजुकेशन से दूर रह जाते हैं। इसलिए हमने हिंदी और लोकल लैंग्वेज पर ज्यादा फोकस किया।

तरुण के मुताबिक अभी वे यूपी, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश सहित 10 राज्यों को कवर कर रहे हैं। इसके साथ ही वे गुजराती और मराठी में भी ऑनलाइन एजुकेशन उपलब्ध करा रहे हैं। उनकी टीम में हर सब्जेक्ट के टीचर्स की लिस्ट है। करीब 100 टीचर अभी उनके साथ जुड़े हैं। वे कहते हैं कि अभी हमारा फोकस हिंदी भाषी स्टेट बोर्ड पर है। क्लास 9वीं से लेकर 12वीं तक के बच्चे हमसे जुड़े हैं। वे अपने मोबाइल ऐप के जरिए या कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन क्लास से जुड़ सकते हैं। हमारा ऑनलाइन क्लास फिजिकल क्लास की तरह ही होता है। चैप्टर वाइज और सब्जेक्ट वाइज टीचर्स के लेक्चर्स फिक्स्ड रहते हैं।

> “ गांवों में मोबाइल तो पहुंच गया है लेकिन अच्छे स्कूल और एजुकेशन बच्चों तक अभी भी नहीं पहुंचा है। कई बच्चों को ट्यूशन के लिए दूर शहर जाना पड़ता है। अभी कोविड के जरिए बच्चे ऑनलाइन क्लास तो कर रहे हैं लेकिन अंग्रेजी से उन्हें दिक्कत हो रही है। इसलिए हमने लोकल लैंग्वेज और हिंदी पर फोकस किया है। ”
>
> **तरुण सैनी, फाउंडर, विद्याकुल**

समाज गौरव

# कर्नल (डॉ) गुलशन सैनी

## ( कर्तव्यनिष्ठा की जीती जागती मिसाल )

## लखनऊ में मां थी बीमार... दिल्ली में मरीजों की जान बचाने के लिए न आ सका कर्नल बेटा

कर्नल (डॉ) गुलशन सैनी जिस डीआरडीओ अस्पताल में अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वहां बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित रोगी भर्ती हैं। उन रोगियों की जान बचाने के लिए कर्नल सैनी ने लखनऊ आने से मना कर दिया। शनिवार को लखनऊ के कमांड अस्पताल में उनकी मां की मौत हो गई।

लखनऊ, जेएनएन एक तरफ कोरोना से संक्रमित मरीजो की जान बचाने के लिए सामने फर्ज था, और दूसरी तरफ जीवन और मृत्यु के बीच मां थी। मां इधर अस्पताल में जीवन से संघर्ष कर रही थी और दूसरी ओर बेटा दिल्ली के डीआरडीओ अस्पताल में गंभीर मरीजों को नई जिंदगी दे रहा था। मां के गंभीर रूप से बीमार होने की सूचना बेटे को मिली। बेटे ने खुद को संभाला और मां के पास लखनऊ आने को इसलिए मना कर दिया क्योंकि दिल्ली में कई कोरोना मरीजों की सांस का संकट गहराता जा रहा था। शनिवार को कमांड अस्पताल में भर्ती उनकी 70 साल की मां ने आखिरी सांसे ली।

दिल्ली के डीआरडीओ अस्पताल में कोरोना मरीजों की जान बचाने वाले कर्नल गुलशन सैनी कुछ दिन पहले तक लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर केंद्र व कॉलेज में तैनात थे। दिल्ली में जब कोरोना बढ़ा तो डीआरडीओ को वहां एक आधुनिक अस्पताल बनाने के आदेश रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिए। सेना के विशेषज्ञ डॉक्टर कर्नल गुलशन सैनी को दिल्ली के डीआरडीओ अस्पताल की स्थापना की जिम्मेदारी सौपी गई। लखनऊ में परिवार में 70 साल की मां, दो बच्चे और पत्नी को छोड़कर वह दिल्ली चले गए। उनका परिवार लखनऊ छावनी के सरकारी बंगले में रहता है। कर्नल गुलशन सैनी की मां को कोरोना का संक्रमण हो गया। उनको कोविड निमोनिया होने के बाद कमांड अस्पताल में उनको भर्ती कराया गया था। उनको हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर पर रखा गया था। इसकी सूचना कर्नल गुलशन सैनी को दी गई।

कर्नल सैनी जिस डीआरडीओ अस्पताल में अहम जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वहां बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित रोगी भर्ती हैं। उन रोगियों की जान बचाने के लिए कर्नल सैनी ने लखनऊ आने से मना कर दिया। शनिवार को लखनऊ के कमांड अस्पताल में कर्नल गुलशन सैनी की मां की मौत हो गई। कर्नल गुलशन सैनी की कर्तव्यपरायणता पर भारतीय सेना के पूर्व महानिदेशक मिलिट्री आपरेशन (डीजीएमओ), ले. जनरल विनोद भाटिया (अवकाश प्राप्त) सहित कई अफसरों ने सोशल मीडिया पर उनको सैल्यूट किया है।

माली सैनी संदेश परिवार की और से कर्नल गुलशन सैनी की माताजी को सादर नमन। हमें गर्व है समाज में ऐसे नौजवान युवा है जो अपनी मां के साथ ही भारत माता की सेवा एवं कर्तव्य निष्ठा के चलते अपनी माता की सेवा से ज्यादा देश की महामारी में मौत से संघर्ष कर रहे लोगों की जान बचानें के लिए जी जान से लगे है।

पेज 12 से आगे.....

200 से 250 रुपए महीने के भुगतान कर ज्वॉइन कर सकते हैं कोई भी क्लास

तरुण कहते हैं कि हमारा मोटिव पैसा कमाना नहीं है। हम चाहते हैं कि हिंदी भाषी और गांवों के बच्चों को सही एजुकेशन मिले। अभी कोरोना काल में इन बच्चों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर बच्चों को लैंग्वेज की प्रॉब्लम फेस करनी पड़ रही है। उन्हें अंग्रेजी मीडियम से दिक्कत हो रही है। इसलिए हमने फीस भी बहुत कम रखी है। हमारे ज्यादातर कोर्सेज फ्री ऑफ कॉस्ट हैं। बाकी के लिए स्टूडेंट को सिर्फ 200 से 250 रुपए महीने के भुगतान करने हैं। यानी तीन हजार रुपए सालभर की कोर्स फीस।

माली सैनी संदेश परिवार तरूण सैनी के सघर्ष और उसके बाद उनके द्वारा प्राप्त सफलताओं से युवा वर्ग को प्रेरित करने के लिए और शिक्षा की इतनी सस्ती सुविधाएं प्रदान करने पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए तरूण सैनी एवं उनकी पुरी टीम का आभार प्रकट करता है। हमें युवा तरूण सैनी पर गर्व है जिन्होंने अल्प समय में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए है। आप आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

## गायत्री कुमारी सैनी ने देश में 37वां स्थान हासिल किया



नारनौल। नेट में ऑल इंडिया लेवल पर नारनौल की बेटी गायत्री कुमारी ने देश में 37वां स्थान हासिल कर माता पिता के साथ ही समाज को गौरवान्वित किया है।

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की ओर से जेआरएफ एवं लेक्चरशिप पात्रता के लिए सीएसआईआर न्यू जीसी संयुक्त परीक्षा (नेट) 16 दिसम्बर 2018 को हुई थी। इस परीक्षा का परिणाम हाल ही में घोषित किया गया है। गायत्री की इस सफलता पर माता पिता के साथ ही समाज की अनेकों संस्थाओं और प्रबुद्धजनों ने हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता में कपिल पंवार ने जीता रजत पदक




जोधपुर। 58वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का मोहाली चंढ़ीगढ में आयोजन हुआ। जिसमें राजस्थान के दल ने धाक जमाई। सीनियर पुरूष वर्ग में समाज के युवा कपिल पंवार ने इनलाइन अल्पाइन स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। अंतराष्ट्रीय स्केटर कपिल गहलोत सहित सभी ने कपिल को प्रेषित की।

# मृत्युभोज का बहिष्कार कर गौसेवा हेतु दान कर अमर हुए श्री मुल्तानाराम भाटी



जोधपुर। समाज के भामाशाह गौसेवक श्री भद्रेश्वरधाम गौशाला व पर्यावरण विकास समिति चौखा जोधपुर के प्रथम पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीमान मुल्तानराम जी भाटी के स्वर्गवास होने पर आज आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके परिवारजनों एवम धर्मपत्नी सुगनादेवी भाटी ने बाहरवें पर नई पहल करते हुए मृत्युभोज का बहिष्कार कर समाज को नई प्रेरणा दी गई। शोकाकुल परिवार की ओर से दान स्वरूप श्री भद्रेश्वर धाम गौशाला में 1,51,000 (एक लाख इक्यावन हजार) रोकड़ और 3 क्विंटल लापसी का भोग गौमाता को लगाया गया। कोरोना आपातकाल में गौमाता की इस पावन सेवा हेतु समस्त भाटी परिवार को हम सभी की तरफ से हृदय से साधुवाद।

हम सभी दिवगंत मुल्ताराम भाटी जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गौ सेवा में लगा दिया उनके निधन पर ईश्वर से प्रार्थना करते है कि वे उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे और परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## माताजी की मृत्यु पर केवल कोविड मरीजों की सेवा का निर्णय



नागौर। माताजी भंवरी देवी के कोविड से स्वर्गवास के बाद डॉ.जे. के. सैनी, धर्माराम भाटी और कमल भाटी ने कहा कि जरूरत मंद कोविड मरीजों की मदद के लिए हमारा परिवार हमेशा रहेगा तैयार। मंगलमय सेवा संस्थान की मार्फत देंगे कोविड मरीजों को जेएलएन अस्पताल में रोजाना खाना, खींवसर अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए पीने के पानी की बनाई जाएगी प्याऊ, गौशालाओं में गायों के लिए चारा भी डलवाते रहेंगे । इसके साथ ही धार्मिक कार्यों में हर संभव मदद करेंगे। डा. जे के सैनी ने कहा कोविड लक्षण आने पर कोई भी व्यक्ति मुझसे दूरभाष पर सम्पर्क कर सलाह ले सकता है , मैं 24 घंटे आपकी सेवा में रहूंगा हाजिर। और उचित सलाह दूंगा। उन्होंने बताया कि माताजी के स्वर्गवास के बाद किसी भी तरह की कोई बैठक नहीं होगी और ना ही कोई कार्यक्रम होगा, इससे अच्छा है की हम तीनों भाई अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समाज हित में नेक कार्यो में पैसे व्यय करेंगे, जिससे आमजन को फायदा पहुंचे।समाज में किसी ना किसी को कुछ अच्छा करने के लिए पहल करनी पड़ती है , भाटी परिवार का यह निर्णय काबिले तारीफ है इससे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन की पालना के साथ जरुरत मंदो की सेवा भी होगी और समाज के सभी लोगों में भी अच्छा संदेश जाएगा। भाटी परिवार इस नेक कार्य के लिये चाहुं और प्रंशसा की जा रही है हम सभी भाटी परिवार का कोटि कोटि आभार प्रकट करते है कि इस महामारी में आप सभी ने अपनी माताजी की स्मृति में अनेकों पुण्य के कार्यो का बीड़ा उठा न केवल उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की वरन कोरोना महामारी में सर्व समाज के लोगों की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# अंतराष्ट्रीय बॉक्सर पंकज सैनी बने एएसआई



पंजाब पुलिस में हवलदार की ड्यूटी निभा रहे पंकज सैनी को एएसआइ प्रमोट कर दिया गया है। सैनी ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाक्सिग में एक दर्जन से अधिक पदक हासिल कर चुके हैं। उन्हें स्टार लगाते हुए एसपी गुरमीत सिंह द्वारा पंकज सैनी को बधाई दी व ईमानदारी से ड्यूटी निभाने को प्रेरित किया।

एएसआइ बने सैनी ने धन्यवाद करते हुए सौंपी गई जिम्मेदारी निभाने का प्रण किया। सैनी ने बताया कि उन्होंने 13 वर्ष की आयु से ही बाक्सिग खेला शुरू कर दिया था, जिसमें उन्होंने कई पदक अपने नाम किए। इसके अलावा 2008 में पटियाला के एनआइएस में बाक्सिग की इंडिया टीम में शामिल होकर स्कूल नेशनल खेलों में स्वर्ण, 2009 में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेलों में स्वर्ण, 2010 में एके मिश्रा चैंपियनशिप में स्वर्ण, 2011 में फेडरेशन कप में सिल्वर पदक, 2011 में सीनियर नेशनल मुकाबले में कांस्य पदक, 2012 में सीनियर नेशनल मुकाबले में कांस्य पदक, 2013 में आल इंडिया पुलिस खेल में स्वर्ण, 2014 में इंटरनेशल टूर्नामेंट चाइना में हिस्सा लिया, 2015 में आल इंडिया पुलिस खेल में कांस्य व पुणे में आयोजित पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक हासिल कर चुके हैं। हम सभी पंकज सैनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित करते है।


संतोष सांखला 9252067133 9414359805
नेमीचंद सांखला 9529551444
आ. पी. तंवर 9414117306

तंवर मार्बल
मूर्ति एण्ड हैण्डीक्राफ्ट

हमारे यहां मार्बल स्लैब, टाईल्स, मंदिर मूर्ति, जाली, पालकी, मार्बल फ्लॉवर व हैण्डीक्राफ्ट आदि का कार्य किया जाता है।



Marble Art (Android Apps on Gooble Play Store)
E-Mail : marbletanwar@gmail.com
शोरूम : सैनी कॉम्पलैक्स, 1 फ्लोर, शॉप नं. 40, रेल्वे स्टेशन के पास, मकराना ( राज. )

## हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं



**श्री सुनील परिहार**
पूर्व अध्यक्ष राजसीको
को डायरेक्टर रीको
( स्वतंत्र निदेशक )



**श्री राजेंद्र सैनी**
को भाजपा
ओबीसी मोर्चा का
जिला अध्यक्ष



**श्री पूरण सैनी**
को भाजपा
ओबीसी मोर्चा
जिला अध्यक्ष दौसा



**श्री मगनीराम सांखला**
को भाजपा
ओबीसी मोर्चा
नागौर जिलाध्यक्ष



बर ग्राम पंचायत को प्रधानमंत्री द्वारा नेशनल अवार्ड से सम्मानित होने पर ग्रामसेवक **श्री पुरणसिंह सांखला व सरपंच श्री महेंद्र चौहान**

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजु( पं.समिति सदस्य) , सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा( उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल ( ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री( इंजि. )तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्वाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडनूं
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री मदन जी कच्छवाहा, जोधपुर
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, जोधपपुर


# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

### क्योंकि ?

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योंकि ?

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे देश ही नहीं विदेशों में भी

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

## सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु. 600/-** | **5 वर्ष रु. 1,500/-** | **आजीवन रु. 3,100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## RATES

### Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |
| **INNER COLOR** | |
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर कॉम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज.)

# महात्मा ज्यांति बा फूले जयंती पर आयोजित विभिन्न आयोजनों की झलकियां



Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि



श्री राजीव सातव
(राज्यसभा सांसद)



श्री भभूताराम सोलंकी
(राष्ट्रीय संयोजक सेफ)



श्री अमराराम माली
(सूचना सहायक, जयपुर)



श्री अरविंद परिहार
(युवा अध्यक्ष, माली समाज)



श्रीमति अल्का सैनी
(युवा राजनीतिज्ञ, पंजाब)

श्रद्धानवत

## माली सैनी संदेश परिवार

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR